दिल्लो पब्लिक स्कूल, दुर्ग में 14 दिवसीय समर कैम्प – 2023 का आगाज़

आज दिनांक 29 अप्रैल, 2023 को प्राचार्य श्री यशपाल शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग में 14 दिवसीय समर कैम्प का शुभांरभ हुआ।

शिविर के प्रथम दिवस का आंरभ प्रातः कालीन प्रार्थना एवं योगासन के साथ हुआ। तदुपरांत प्रतिभागी छात्रों ने अपनी अपनी रुचि के अनुसार तैराकी, मूर्तिकला, फ्रेन्च भाषा शिक्षण, स्पोकेन इंगलिश, फुटबॉल, पर्सनालिटी डेवलेपमेंट, कथा वाचन, कम्प्यूटर एनिमेशन, बागवानी, बैडमिंटन, पपेटरी निर्माण, एरोबिक्स, ड्राइंग एण्ड पेन्टिग एवं नृत्य आदि गतिविधियों का आनंद उठाया ।

शिविर के मध्य अंतराल में छात्रों ने नाश्ते में स्वास्थ्यप्रद स्वल्पाहार एवं फल का लुत्फ उठाया । नाश्ते के दौरान छात्रों को डायनिंग एटिकेट का भी ज्ञान कराया गया ।

उपर्युक्त समस्त गतिविधियों में छात्रगण, शिक्षकगण एवं कर्मचारियों ने अत्यंत उत्साह एवं आनंद के साथ भाग लिया ।

शिविर का संचालन श्री के.एस.बिस्ट (हेडमास्टर), श्री आर.सी.द्विवेदी (सीनियर मास्टर), श्रीमती जोहरा अली हुसैन (एक्टविटी इंचार्ज), श्री उमेश झा श्रीमती सादिया फारूकी, श्रीमती सपना चौधरी एवं श्रीमती नवनीत रेखी (को–ऑर्डिनेटर) ने किया ।